- ✗ D. -50 से 50 डिग्री सेल्सियस

Q.94 एक व्यापारी किसी वस्तु का मूल्य उसके क्रय मूल्य से 25% अधिक अंकित करता है। वह अंकित मूल्य पर 10% की छूट प्रदान करता है। छूट देने के बाद, उसे उस वस्तु पर ₹180 का लाभ प्राप्त होता है। वस्तु का क्रय मूल्य कितना था?

Ans
- ✗ A. ₹1,380
- ✗ B. ₹1,200
- ✓ C. ₹1,440
- ✗ D. ₹1,260

Q.95 स्प्रेडशीट एप्लिकेशन में, उपयोगकर्ता, सेल की एक रेंज सेलेक्ट करता है और Ctrl + C दबाता है, उसके बाद किसी दूसरी वर्कशीट में Ctrl + V दबाता है। डेटा का क्या होता है?

Ans
- ✗ A. सेलेक्ट किए गए सेल नई वर्कशीट में मूव हो जाते हैं।
- ✓ B. सेलेक्ट किए गए सेल नई वर्कशीट में कॉपी हो जाते हैं।
- ✗ C. सेलेक्ट किए गए सेल मूल वर्कशीट से डिलीट हो जाते हैं।
- ✗ D. सेलेक्ट किए गए सेल एक नई फ़ाइल में सेव हो जाते हैं।

Q.96 यदि 'A' का अर्थ '+' है, 'B' का अर्थ '–' है, 'C' का अर्थ '×' है और 'D' का अर्थ '÷' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

31 B 35 D 7 A 9 C 2 = ?

Ans
- ✗ A. 46
- ✗ B. 42
- ✗ C. 48
- ✓ D. 44

Q.97 निम्नलिखित में से कौन-सी स्थिति किसी यांत्रिक कार्यशाला में उलझने के खतरे (entanglement hazard) का सर्वोत्तम वर्णन करती है?

Ans
- ✔ A. घूर्णी शैफ्ट में ढीले कपड़े का फंसना
- ✘ B. तप्त पृष्ठों के पास दस्ताने पहनना
- ✘ C. तेज धार से उंगली कटना
- ✘ D. गियर्स के बीच हाथ का दबना

Q.98 एक इंजीनियर, कारखाने में मशीन से संबंधित क्षति का आकलन करने के लिए भ्रंश वृक्ष विश्लेषण (fault tree analysis) का उपयोग करता है। मानक प्रक्रिया के अनुसार सर्वप्रथम कौन-सा कदम उठाया जाना चाहिए?

Ans
- ✔ A. क्षति का कारण बनने वाली शीर्ष घटना को परिभाषित करना
- ✘ B. विफलताओं के सभी संभावित कारणों को सूचीबद्ध करना
- ✘ C. कार्यस्थल डेटा का उपयोग करके विश्लेषण को मान्य करना
- ✘ D. जोखिमों को नियंत्रित करने के लिए निवारक उपाय स्थापित करना

Q.99 निम्नलिखित में से कौन-सा परिदृश्य, रासायनिक ऊर्जा के यांत्रिक ऊर्जा में रूपांतरण को सटीक रूप से प्रदर्शित करता है?

Ans
- ✘ A. एक तानित रबर बैंड वापस अपनी मूल आकृति में आ जाता है।
- ✘ B. एक पत्थर मेज से जमीन पर गिर जाता है।
- ✔ C. एक धावक आगे की ओर तेज दौड़ने के लिए भोजन से प्राप्त संचित ऊर्जा का उपयोग करता है।
- ✘ D. नई बैटरी डालने के बाद टॉर्च चालू हो जाती है।

Q.100 एक कार राजमार्ग पर चल रही है और उसका ओडोमीटर 8:00 am पर 180 km और 9:30 am पर 240 km रीडिंग रिकॉर्ड करता है। इस जानकारी के आधार पर, कौन-सा कथन इस अंतराल के दौरान कार की औसत चाल का सबसे सटीक वर्णन करता है?

Ans
- ✔ A. कार की औसत चाल 40 km प्रति घंटा है, जिसकी गणना ओडोमीटर रीडिंग और समय अंतराल के आधार पर की जाती है।
- ✘ B. कार की औसत चाल 180 km प्रति घंटा है क्योंकि 8:00 am पर ओडोमीटर पर यही रीडिंग थी।
- ✘ C. कार की औसत चाल 60 km प्रति घंटा है, यह केवल ओडोमीटर रीडिंग में हुए परिवर्तन पर आधारित है।
- ✘ D. कार की औसत चाल 240 km प्रति घंटा है क्योंकि 9:30 am पर ओडोमीटर पर यही रीडिंग थी।

Section : **PART-B**

Q.1 निम्नलिखित में से कौन-सा गुण, संगलनीयता (Fusibility) से सर्वाधिक संबंधित है?

Ans
- ✘ A. घनत्व
- ✘ B. विद्युत प्रतिरोध
- ✔ C. गलनांक
- ✘ D. तापीय प्रसार

Q.2 सहिष्णुता आरेख (tolerance diagram) में कौन-सी विशेषता, संक्रमण अन्वायोजन को दृष्टिगत रूप से दर्शाती है?

Ans
- ✔ A. शून्य रेखा के सापेक्ष होल और शैफ्ट के अतिव्यापी सहिष्णुता क्षेत्र
- ✘ B. शैफ्ट सहिष्णुता क्षेत्र से पूर्णतः ऊपर होल सहिष्णुता क्षेत्र
- ✘ C. होल सहिष्णुता क्षेत्र से पूर्णतः ऊपर शैफ्ट सहिष्णुता क्षेत्र
- ✘ D. होल और शैफ्ट के पूर्ण रूप से पृथक सहिष्णुता क्षेत्र

Q.3 किसी एकल प्रवर्तक के लिए दो स्वतंत्र नियंत्रण बिंदुओं वाले तंत्र में टू-वे वाल्व (two-way valve) के स्थान पर शटल वाल्व (shuttle valve) को उपयोग करने का मुख्य कारण क्या है?

Ans
✗ A. शटल वाल्व, दूसरे को अवरुद्ध करते हुए एक समय में केवल एक नियंत्रण बिंदु को कार्य करने की सुविधा देता है
✗ B. शटल वाल्व सक्रिय होने पर दोनों नियंत्रण बिंदुओं से वायु डिस्चार्ज करता है
✗ C. शटल वाल्व समसामयिक प्रचालन को रोकने के लिए दो नियंत्रण बिंदुओं के संकेतों को इंटरलॉक करता है
✓ D. शटल वाल्व संकेत में व्यतिकरण या हानि के बिना किसी भी नियंत्रण बिंदु से प्रवर्तक प्रचालन को सक्षम बनाता है

Q.4 साधारण हथौड़ों (ordinary hammers) की तुलना में स्लेज हथौड़े (sledge hammer) की अधिक संघट्ट ऊर्जा के लिए उत्तरदायी प्राथमिक संरचनात्मक विशेषता कौन-सी है?

Ans
✓ A. लंबा हत्था होने के साथ-साथ शीर्ष (head) का द्रव्यमान अधिक होने से उच्च आघाती संवेग उत्पन्न होता है
✗ B.
ठोस फोर्जित शीर्ष की संरचना, पुनरावृत्त भारी प्रहारों के दौरान ऊर्जा अंतरण में सुधार करती है
✗ C.
संतुलित शीर्ष ज्यामिति जिससे भारी संघट्ट आघात के दौरान दिशात्मक स्थायित्व में सुधार करती है
✗ D.
विस्तारित हत्था लीवरेज जिससे बलपूर्वक आघात प्रचालन के दौरान स्विंग त्रिज्या में वृद्धि होती है

Q.5 किसी मशीन का एक पुर्जा 169 वर्ग मिलीमीटर के पृष्ठीय क्षेत्रफल के साथ विनिर्मित किया जाता है। यदि मात्रक को बदलकर वर्ग सेंटीमीटर कर दिया जाए, तो नए मात्रक में पृष्ठीय क्षेत्रफल का वर्गमूल कितना होगा?

Ans
✗ A. 0.13
✓ B. 1.3
✗ C. 169
✗ D. 13

Q.6 निम्नलिखित में से किस वेल्डिंग विधि में, जोड़ पर आधार पदार्थों को पिघलाकर धातुओं को जोड़ा जाता है?

Ans
✓ A. संगलन वेल्डिंग
✗ B. दाब वेल्डिंग
✗ C. ठोस-अवस्था वेल्डिंग
✗ D. प्रतिरोध वेल्डिंग

Q.7 पाइप फिटिंग में उपयोग किए जाने वाले अन्य सामान्य प्रकार के पाइपों की तुलना में GI पाइप की सबसे प्रमुख विशेषता क्या है?

Ans
✗ A. यह उच्च चालकता के लिए तांबे से बना होता है
✗ B. नम्यता के लिए रबर से आस्तरित होता है
✓ C. इसे जंग लगने से बचाने के लिए जिंक की परत से कोट किया जाता है
✗ D. यह प्लास्टिक से बना होता है और हल्का होता है

Q.8 वह पदार्थ जो बिना भंजन के दाब, बंकन, तथा कर्षण बलों को सहन कर सकता है, उसमें _____ होती है?

Ans
✗ A. प्रत्यास्थता (Elasticity)
✗ B. कठोरता (Hardness)
✗ C. भंगुरता (Brittleness)
✓ D. लगिष्णुता (Tenacity)

Q.9 निम्नलिखित में से कौन-सा उत्तोलक (lever) का एक उदाहरण है?

Ans
✓ A. भारी वस्तु को उठाने के लिए प्रयुक्त किया जाने वाला सब्बल
✗ B. रस्सी युक्त घिरनी
✗ C. दो बोर्ड को एक-साथ जोड़े रखने वाला पेंच
✗ D. भारी वाहनों को उठाने के लिए प्रयुक्त किया जाने वाला हाइड्रोलिक जैक

Q.10 शुष्क मशीनन प्रचालन के दौरान सिरेमिक टूल सामग्री का कौन-सा गुणधर्म सर्वाधिक लाभदायक है?

Ans
✔ A. ऊष्मा के प्रति उच्च प्रतिरोध
✘ B. निम्न लागत
✘ C. उच्च चर्मलता
✘ D. तीक्ष्णन में सुगमता

Q.11 फ्लैट बेल्ट पुली सिस्टम (flat belt pulley system) को स्थापित करते समय, पुली फलक पर कौन-सी विशेषता, प्रचालन के दौरान बेल्ट को केंद्र में बनाए रखने में सहायता करती है?

Ans
✘ A. पुली फलक पर थोड़ी अवतल आकृति
✘ B. बिना किसी आकृति परिवर्तन वाला संपूर्ण रुक्ष पृष्ठ
✔ C. पुली फलक पर थोड़ी उत्तल आकृति
✘ D. बिना वक्रता वाला एक सपाट फलक

Q.12 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, ITI फिटर ट्रेड में प्रोट्रैक्टर (protractor) के सामान्य उपयोग का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans
✘ A. पदार्थ की मोटाई की जांच करना
✔ B. वर्कपीस पर कोणों को मापना और चिह्नित करना
✘ C. धातु पृष्ठों पर समानांतर रेखाएं खींचना
✘ D. प्लेट पर छिद्र के केंद्र को चिह्नित करना

Q.13 वॉर्डिंग रेती (warding file) का मुख्य उपयोग क्या है?

Ans
✘ A. चूड़ी कर्तन (Thread cutting)
✔ B. संकीर्ण रेतन (Narrow filing)
✘ C. व्यास की जाँच (Diameter checking)
✘ D. पृष्ठ पॉलिशन (Surface polishing)

Q.14 कार्यस्थल संगठन के लिए प्रयुक्त पांच S (Five S) अवधारणा में पहला चरण कौन-सा है?

Ans
✘ A. Set in order (सेट इन ऑर्डर)
✘ B. Standardize (स्टैंडर्डाइज़)
✔ C. Sort (सॉर्ट)
✘ D. Shine (शाइन)

Q.15 कार्यशाला में उपयोग की जाने वाली एक सपाट रेती (Flat File) के मुक्त हस्त स्केच में कौन-सी विशेषता शामिल की जानी चाहिए?

Ans
✘ A. स्केच में वक्रित ब्लेड को स्पष्ट रूप से दर्शाया जाना चाहिए
✘ B. स्केच में गोल हैंडल को स्पष्ट रूप से दर्शाया जाना चाहिए
✘ C. स्केच में क्रकचित बॉडी को स्पष्ट रूप से दर्शाया जाना चाहिए
✔ D. स्केच में शुंडित किनारे को स्पष्ट रूप से दर्शाया जाना चाहिए

Q.16 धातु जुड़ाई में उचित वेल्ड वेधन सुनिश्चित करने हेतु बट-संधि तैयार करने के लिए मूल अंतराल (root gap) और बेवेल कोण का कौन-सा संयोजन सर्वाधिक उपयुक्त है?

Ans
✔ A. 2 mm का मूल अंतराल और 60 डिग्री का बेवेल कोण
✘ B. 1 mm का मूल अंतराल और 30 डिग्री का बेवेल कोण
✘ C. 0.5 mm का मूल अंतराल और 45 डिग्री का बेवेल कोण
✘ D. 3 mm का मूल अंतराल और 20 डिग्री का बेवेल कोण

Q.17 एक फैब्रिकेशन यूनिट में, समानांतर शैफ्ट कनेक्शन का उपयोग करके किसी गियर ट्रेन में रवीय प्रचालन (noisy operation) देखा जाता है। भविष्य संस्थापनों में रव और अक्षीय बल को कम करने के लिए, किस गियर की अनुशंसा की जानी चाहिए?

Ans
- ✔ A. बिना किसी अक्षीय बल के सुचारू और शांत प्रचालन के लिए हेरिंगबोन गियर
- ✘ B. उच्च रव स्तर के साथ बुनियादी शक्ति पारेषण के लिए स्पर गियर
- ✘ C. रवीय अनुप्रयोगों में शैफ्ट की दिशा बदलने के लिए बेवेल गियर
- ✘ D. अपेक्षाकृत निम्न रव लेकिन अक्षीय बल की उपस्थिति के लिए हेलिकल गियर

Q.18 एक फिटर को धातु की प्लेट पर कर्तन से पूर्व उस पर परिशुद्ध समानांतर रेखाओं के अंकन (marking) का कार्य सौंपा जाता है। उसे इस कार्य के लिए उपयुक्त सामग्री से बने टिप (tips) वाले डिवाइडर का चयन करना है। धातु की पृष्ठ पर परिशुद्ध अंकन सुनिश्चित करने और तीव्र निघर्षण से बचने के लिए डिवाइडर टिप के लिए कौन-सी सामग्री सबसे उपयुक्त होगी?

Ans
- ✘ A. उच्च कार्बन इस्पात टिप
- ✔ B. कठोरीकृत इस्पात टिप
- ✘ C. पीतल टिप
- ✘ D. ऐलुमिनियम टिप

Q.19 कार्यशाला-मशीन के लिए किसी विद्युत-वातिल नियंत्रण प्रणाली में कौन-सा घटक, विद्युत ऊर्जा को प्रत्यक्ष रूप से रैखिक यांत्रिक गति में रूपांतरित करता है ताकि वातिल वाल्व को प्रचालित किया जा सके?

Ans
- ✘ A. कंप्रेसर से पायलट एयर सिग्नल
- ✘ B. मैनिफोल्ड से जुड़ा दाब स्विच
- ✔ C. वाल्व असेंबली के अंदर परिनालिका कॉइल
- ✘ D. सर्किट पैनल में नियंत्रण रिले

Q.20 वातिल प्रणाली में, वायु रिसीवर टैंक, संपीडित्र के बाद और वितरण लाइनों से पहले क्यों रखा जाता है?

Ans
- ✔ A. संपीडित वायु को संग्रहित करने और दाब स्थिरता बनाए रखने के लिए
- ✘ B. संपीडित वायु से धूल कणों को फिल्टर करने के लिए
- ✘ C. प्रचालन चक्रों में वातिल औजारों का स्नेहन करने के लिए
- ✘ D. वायु संपीडित्र की ऊर्जा खपत को कम करने के लिए

Q.21 निम्नलिखित में से कौन-सा, कार्यशाला उपकरणों में उपयोग होने वाली वातिल पद्धतियों में द्वि-क्रिया सिलेंडर (double-acting cylinder) के मुख्य कार्य का वर्णन करता है?

Ans
- ✘ A. यह प्रतिगमन के लिए सिलेंडर के भीतर निर्वात बनाता है
- ✘ B. यह केवल वायु दाब के साथ एक दिशा में बल वितरित करता है
- ✔ C. यह संचलन के लिए दोनों दिशाओं में नियंत्रित बल प्रदान करता है
- ✘ D. यह विस्तार के बाद पिस्टन को पुनः वापस ले जाने के लिए स्प्रिंग बल का उपयोग करता है

Q.22 फेसप्लेट प्रचालनों (aceplate operation) के दौरान ऑपरेटर, क्लैंप (clamp) से टूल संघट्टन (collision) के जोखिम को कैसे कम कर सकता है?

Ans
- ✔ A. मशीनिंग से पूर्व टूल पथ (tool path) की योजना बनाकर
- ✘ B. स्पिंडल (spindle) की स्पीड बढ़ाकर
- ✘ C. लंबे कर्तन टूल (cutting tool) का उपयोग करके
- ✘ D. क्लैंप (clamp) को अधिक दृढ़ता से कसकर

Q.23 एक इंजीनियर दो स्टील प्लेटों के समन्वायोजन के लिए M8 पेंच का चयन करता है। कौन-सा मान, विनिर्देशन M8 x 1.25 x 40 में अभिहित व्यास को इंगित करता है?

Ans
- ✔ A. 8 mm
- ✘ B. 1.25 mm
- ✘ C. 16 mm
- ✘ D. 40 mm

Q.24 पिलर-टाइप ड्रिलिंग मशीन में कौन-सा मुख्य संरचनात्मक घटक स्पिंडल को सपोर्ट करता है?

Ans
✗ A. बेल्ट कवर (Belt cover)
✓ B. कॉलम (Column)
✗ C. फुट पेडल (Foot pedal)
✗ D. टेबल (Table)

Q.25 बाह्य माइक्रोमीटर का कौन-सा भाग स्थिर रहता है और मापन के दौरान वर्कपीस को आधार प्रदान करता है?

Ans
✗ A. स्पिंडल (Spindle)
✓ B. ऐनविल (Anvil)
✗ C. थिंबल (Thimble)
✗ D. रैचेट स्टॉप (Ratchet stop)

Q.26 कार्यशाला मशीनरी में फ्लैट बेल्ट पुली (flat belt pulley) के फलक पर क्राउनिंग (crowning) क्यों प्रदान की जाती है?

Ans
✓ A. यह फ्लैट बेल्ट को घूर्णन के दौरान केंद्रित रखने में सहायता करता है
✗ B. इससे पुली का समग्र व्यास कम हो जाता है
✗ C. इससे उपयोग की जाने वाली बेल्ट की मोटाई कम हो जाती है
✗ D. इससे बेल्ट और पुली के बीच घर्षण में पर्याप्त रूप से वृद्धि हो जाती है

Q.27 वर्कशॉप प्रचालन में ऋजु पीन-घन (straight peen hammer) का मुख्य उद्देश्य क्या है?

Ans
✗ A. मशीनिंग प्रचालन के दौरान वर्कपीस को दृढ़ता से होल्ड करना
✗ B. धातु के घटकों की मोटाई को यथार्थतः मापना
✓ C. घन के हैंडल ऐक्सिस के समांतर दिशा में धातु को आकृति देना
✗ D. धात्विक चादरों को आवश्यक आकृतियों में काटना

Q.28 चूड़ी कर्तन के दौरान थ्रेडिंग डायल इंडिकेटर (threading dial indicator) का उद्देश्य क्या होता है?

Ans
✗ A. थ्रेडिंग संक्रिया के दौरान कर्तन की गभीरता की पुष्टि करना
✗ B. चूड़ी कर्तन के दौरान स्पिंडल की चाल को इंगित करना
✓ C. लेडस्क्रू घूर्णन के सापेक्ष कैरिज (carriage) की स्थिति को इंगित करना
✗ D. थ्रेडिंग के दौरान स्पिंडल चाल को प्रभरण दर (feed rate) के साथ सिंक्रोनाइज़ करना

Q.29 किसी कार्यशाला ड्रिलिंग मशीन के ओवरहॉल (overhaul) के दौरान, किसी भी अनुरक्षण गतिविधि से पहले सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सबसे उपयुक्त प्रारंभिक कदम क्या है?

Ans
✗ A. सभी गियरों और सर्पी पृष्ठों को पूर्णतः स्नेहित करना
✗ B. डायल इंडिकेटर का उपयोग करके स्पिंडल संरेखण की यथार्थता की जांच करना
✗ C. कार्य क्षेत्र से धूल और मलबे को हटाना
✓ D. विद्युत आपूर्ति को विलगित करना और गतिशील पुर्जों को सुरक्षित करना

Q.30 यदि एक वातिल प्रणाली को मैनुअल नियंत्रण के आधार पर दो एक्चुएटरों के बीच वायु आपूर्ति को वैकल्पिक करना पड़ता है, तो कौन-सा वाल्व वर्गीकरण इस कार्य के लिए सबसे उपयुक्त है?

Ans
✗ A. दाब विमोचन वाल्व (Pressure relief valve)
✗ B. प्रवाह नियंत्रण वाल्व (Flow control valve)
✗ C. नावापसी वाल्व (Non-return valve)
✓ D. दिशात्मक नियंत्रण वाल्व (Directional control valve)

Q.31 स्पिरिट लेवल (spirit level) की यथार्थता की जाँच करने के लिए, पहला पाठ्यांक लेने के बाद, लेवल को _____ घुमाया जाता है।

Ans
- ✗ A. 90 डिग्री पार्श्व में
- ✓ B. 180 डिग्री सिरे से सिरे तक
- ✗ C. पूर्ण वृत्तीय घूर्णन में
- ✗ D. 45 डिग्री हल्का झुकाते हुए

Q.32 आंतरिक थ्रेडिंग के लिए प्रयुक्त किए जाने वाले मानक हैंड टैप सेट में, एक प्लग (बॉटमिंग) टैप को शीघ्रता से कैसे पहचाना जा सकता है?

Ans
- ✗ A. शैंक पर चिह्नित एक वलय द्वारा
- ✓ B. शैंक पर चिह्नित तीन वलय द्वारा
- ✗ C. शैंक पर चिह्नित चार वलय द्वारा
- ✗ D. शैंक पर चिह्नित दो वलय द्वारा

Q.33 कोटर परिवेधक (shell reamer) को ठोस परिवेधक (solid reamer) से क्या विभेदित करता है?

Ans
- ✓ A. कोटर परिवेधक में अभिन्न शैंक (integral shank) की कमी होती है
- ✗ B. कोटर परिवेधक का उपयोग केवल मृदु पदार्थों के लिए किया जाता है
- ✗ C. कोटर परिवेधक में केवल सर्पिल नालियां (spiral flutes) होती हैं
- ✗ D. कोटर परिवेधक सदैव समायोज्य होता है

Q.34 प्रणोद बेयरिंग में, शैफ्ट अक्ष के संबंध में लोड किस दिशा के अनुदिश कार्य करता है?

Ans
- ✗ A. शैफ्ट अक्ष के लंबवत
- ✓ B. शैफ्ट अक्ष के समांतर
- ✗ C. किसी यादृच्छिक दिशा में
- ✗ D. वृत्तीय पथ के अनुदिश

Q.35 किसी कार्यशाला में एक चपटी शलाका को, उसके पृष्ठीय परिसज्जा को क्षति पहुंचाए बिना यथार्थ रूप से मोड़ने के लिए प्राय: किस विधि का उपयोग किया जाता है?

Ans
- ✗ A. शलाका पर बार-बार हथौड़े से आघात करना
- ✓ B. बेंडिंग ब्लॉक का उपयोग करना और एकसमान दाब प्रयुक्त करना
- ✗ C. शलाका को शिकंजे (vice) में क्लैम्प (Clamp) करके ट्विस्ट करना
- ✗ D. शलाका को गर्म करना और फिर उसे जल में ठंडा करना

Q.36 एक AC वेल्डिंग ट्रांसफॉर्मर प्रायः मुख्य वोल्टता को घटाकर _____ के बीच की विवृत-परिपथ वोल्टता प्रदान करता है।

Ans
- ✗ A. 120 से 180 वोल्ट
- ✗ B. 10 से 20 वोल्ट
- ✗ C. 200 से 250 वोल्ट
- ✓ D. 40 से 100 वोल्ट

Q.37 संवेदनशील इलेक्ट्रॉनिक घटकों को क्षति पहुंचाए बिना कंट्रोल पैनल में विद्युत तारों को जोड़ने के लिए कौन-सा सोल्डर सबसे उपयुक्त है?

Ans
- ✗ A. अम्ल क्रोड सोल्डर
- ✓ B. रेजिन क्रोड सोल्डर
- ✗ C. सिल्वर सोल्डर
- ✗ D. ठोस तार प्लंबिंग सोल्डर

Q.38 वर्कशॉप में माप लेने के लिए कैलिपर (caliper) का उपयोग सामान्यतः स्टील रूल (steel rule) के साथ क्यों किया जाता है?

Ans
- ✗ A. क्योंकि कैलिपर विमा को होल्ड नहीं कर सकते हैं
- ✓ B. क्योंकि कैलिपर में कोई अंशांकित स्केल (graduated scale) नहीं होता है
- ✗ C. क्योंकि मशीनिंग में कैलिपर, स्टील रूल का स्थान ले लेता है
- ✗ D. क्योंकि कैलिपर सीधे वर्कपीस (workpiece) को नहीं स्पर्श कर सकते हैं

Q.39 एक तकनीशियन एक ऐसे परिपथ का दोष निवारण कर रहा है जो ठीक से कार्य नहीं कर रहा है। प्रतिरोधक में मापी गई वोल्टता अपेक्षा से बहुत कम है। हालांकि विद्युत प्रदाय कार्य कर रहा है और सभी कनेक्शन अक्षत दिखाई दे रहे हैं। इसका सबसे संभावित कारण क्या है?

Ans
- ✗ A. उचित परिपथ प्रचालन स्थितियों के लिए प्रतिरोधक का मान बहुत कम है
- ✓ B. वायरिंग पथ में उच्च प्रतिरोध कनेक्शन या आंशिक विच्छेद है
- ✗ C. प्रतिरोधक एक समांतर पथ द्वारा लघुपरिपथित हो गया है
- ✗ D. विद्युत प्रदाय, परिपथ लोड को अपर्याप्त धारा प्रदान कर रहा है

Q.40 पाइप फिटिंग कार्य में पाइपों को कसने और ढीला करने के लिए कौन-सा टूल सबसे उपयुक्त होता है?

Ans
- ✗ A. स्क्रूड्राइवर (Screwdriver)
- ✗ B. हैक्सॉ (Hacksaw)
- ✓ C. पाइप रिंच (Pipe wrench)
- ✗ D. एडजस्टेबल स्पैनर (Adjustable spanner)

Q.41 निम्नलिखित में से कौन-सा तत्व, उच्च-चाल इस्पात में सामान्यतः उपस्थित नहीं होता है?

Ans
- ✗ A. वैनेडियम
- ✗ B. क्रोमियम
- ✓ C. निकेल
- ✗ D. टंगस्टन

Q.42 किस प्रकार के गियर में, दांतों के दो सेट विपरीत दिशाओं में आनत होते हैं जिससे समान गियर व्हील पर 'V' आकृति बनती है?

Ans
- ✗ A. कोणीय गति संचरित करने के लिए कटे हुए शंकाकार दांतों वाला एक बेवेल गियर
- ✓ B. विपरीत कोणों द्वारा निर्मित V-आकृति के दांतों वाला एक हेरिंगबोन गियर
- ✗ C. व्हील के साथ मेश करने के लिए डिज़ाइन किए गए स्क्रू जैसे दांतों वाला एक वर्म गियर
- ✗ D. केंद्र अक्ष के समानांतर कटे हुए सीधे दांतों वाला एक स्पर गियर

Q.43 उन्नत श्वेत धातु बेयरिंग (white metal bearing) में, श्वेत धातु की पतली परत को सामान्यतः _____ द्वारा आलंब प्रदान किया जाता है।

Ans
- ✗ A. ढलवां लौह बैकिंग (A cast iron backing)
- ✗ B. काष्ठ बैकिंग (A wooden backing)
- ✗ C. ब्रास बैकिंग (A brass backing)
- ✓ D. इस्पात बैकिंग (A steel backing)

Q.44 किस प्रकार की बेयरिंग सामग्री को सामान्यतः बैबिट धातु (Babbitt metal) कहा जाता है?

Ans
- ✗ A. एंटीमनी-कठोरित ढलवां लौह
- ✗ B. लेड-लेपित इस्पात मिश्रातु
- ✓ C. टिन-आधारित श्वेत धातु
- ✗ D. ताम्र-आधारित बेयरिंग मिश्रातु

Q.45 खराद के किस भाग पर चक (chuck) और फेस-प्लेट (faceplate) लगाए जाते हैं?

Ans
- ✗ A. कैरिज (Carriage)
- ✓ B. स्पिंडल (Spindle)
- ✗ C. बेड (Bed)
- ✗ D. टेलस्टॉक (Tailstock)

Q.46 एक पेंच चूड़ी को M12 × 1.75 के रूप में निर्दिष्ट किया गया है। इस विनिर्देश में 'M12' क्या दर्शाता है?

Ans
- ✗ A. बारह मिलीमीटर का अंतराल
- ✗ B. बारह डिग्री का चूड़ी कोण
- ✓ C. बारह मिलीमीटर का मुख्य व्यास
- ✗ D. बारह मिलीमीटर का लघु व्यास

Q.47 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, फिटिंग कार्य में पिलर फाइल (pillar file) के प्राथमिक उपयोग का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans
- ✓ A. समानांतर भुजाओं के साथ सपाट पृष्ठों और स्लॉट को आकार देना
- ✗ B. धातु में गोल छिद्रों को बड़ा करना
- ✗ C. कर्तन के लिए आरी ब्लेडों को तीक्ष्ण करना
- ✗ D. वक्र पृष्ठों से पदार्थ को हटाना

Q.48 एक लिफ्टिंग प्रणाली (lifting system) के ऊपरी और निचले ब्लॉकों में घिरनियों की संख्या समान है, जिसमें ऊपरी ब्लॉक स्थिर तथा निचला ब्लॉक चल (movable) है। एक ही रस्सी सभी घिरनियों से होकर गुजरती है और निचले ब्लॉक से एक लोड जुड़ा हुआ है।
यदि घिरनियों की संख्या 4 है, तो वेग अनुपात (VR) क्या होगा?

Ans
- ✗ A. 2
- ✓ B. 4
- ✗ C. 16
- ✗ D. 8

Q.49 पाइप वाइस (Pipe Vice) की कौन-सी विशेषता, थ्रेडिंग ऑपरेशन के दौरान पाइपों को पकड़ने की उसकी क्षमता में सुधार करती है?

Ans
- ✗ A. सपाट चिकना जबड़ा प्लेट (Flat smooth jaw plates)
- ✗ B. प्रतिस्थापनीय काष्ठीय जबड़ा (Replaceable wooden jaws)
- ✓ C. दंतुरित ग्रिपिंग सर्फेस (Serrated gripping surfaces)
- ✗ D. रबर पैडिंग (Rubber padding)

Q.50 विभिन्न पाइप व्यासों के अनुरूप फुटप्रिंट रिंच के ग्रिप साइज (grip size) को किस प्रकार से समायोजित किया जाता है?

Ans
- ✓ A. कीलक पिन (pivot pin) को ठोस हैंडल के अलग-अलग छिद्रों में रखकर
- ✗ B. स्ट्रैप की पूरी लंबाई के अनुदिश एक समायोज्य कॉलर (collar) को स्लाइड करके
- ✗ C. हनु-निविष्ट (jaw insert) को एक अलग मानकीकृत आमाप के टुकड़े से प्रतिस्थापित करके
- ✗ D. हैंडल के पार्श्व पर स्थित अंगुष्ठ-पेंच (thumb-screw) को कसकर

Q.51 किसी मशीन में लगी स्टील की स्प्रिंग पर लोड अनुप्रयुक्त होने पर वह कंप्रेस हो जाती है। जब लोड हटा लिया जाता है, तो स्प्रिंग बिना किसी स्थायी विरूपण के अपनी मूल आकृति और लंबाई में वापस आ जाती है। पदार्थ का कौन-सा यांत्रिक गुण इस व्यवहार के लिए उत्तरदायी है?

Ans
- ✗ A. सुघट्यता
- ✓ B. प्रत्यास्थता
- ✗ C. भंगुरता
- ✗ D. कठोरता

Q.52 किसी ड्राइंग शीट पर आयताकार ब्लॉक का लंबकोणीय प्रक्षेप बनाते समय, ऊपरी दृश्य को परिशुद्ध रूप से प्रक्षेपित करने के लिए किस संदर्भ तल का उपयोग किया जाता है?

Ans
✗ A. ऊपरी दृश्य को प्रक्षेपित करने के लिए परिच्छेदिका तल का उपयोग किया जाता है
✗ B. ऊपरी दृश्य को प्रक्षेपित करने के लिए ऊर्ध्वाधर तल का उपयोग किया जाता है
✗ C. ऊपरी दृश्य को प्रक्षेपित करने के लिए सहायक तल का उपयोग किया जाता है
✓ D. ऊपरी दृश्य को प्रक्षेपित करने के लिए क्षैतिज तल का उपयोग किया जाता है

Q.53 दो मृदु इस्पात प्लेटों को डॉवेल पिन का उपयोग करके असेंबल करते समय कौन-सी विधि, दृश्य निरीक्षण पर निर्भर किए बिना सबसे यथार्थ संरेखण सुनिश्चित करती है?

Ans
✗ A. सीधे संस्पर्श बिंदुओं को चिह्नित करने के लिए चॉक अनुप्रयुक्त करना
✓ B. स्थिति निर्धारण के लिए निर्देश छिद्र वाले जिग का उपयोग करना
✗ C. प्लेटों को केवल स्प्रिंग क्लैंप से एक साथ पकड़ना
✗ D. इस्पात स्केल के साथ कोर की दूरी को मापना

Q.54 किसी वातिल दाबित्र का समन्वायोजन करते समय, प्रचालन के दौरान सिलेंडर की चाल को परिशुद्ध रूप से प्रबंधित करने के लिए किस प्रकार के वाल्व का चयन किया जाना चाहिए?

Ans
✗ A. दाब न्यूनन वाल्व (Pressure reducing valve)
✗ B. शटल वाल्व (Shuttle valve)
✓ C. प्रवाह नियंत्रण वाल्व (Flow control valve)
✗ D. दिशात्मक नियंत्रण वाल्व (Directional control valve)

Q.55 वर्कशॉप असेंबली ड्राइंग में शंकुखात रिवेट (countersunk rivet) के निरूपण की व्याख्या करते समय सर्वप्रथम किस पहलू की जांच की जानी चाहिए?

Ans
✗ A. नोट्स में निर्दिष्ट रिवेट सामग्री
✓ B. परिच्छेदीय दृश्य में चित्रित शीर्ष के प्रकार
✗ C. रिवेट शैंक की लंबाई की विमाएं
✗ D. ड्राइंग में दर्शायी गई निवेशन विधि

Q.56 कार्यशाला उपकरणों पर नियमित अनुरक्षण करने का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?

Ans
✗ A. उत्पादन स्पीड में डिज़ाइन सीमाओं से भी अधिक वृद्धि करना
✓ B. सुसंगत निष्पादन सुनिश्चित करना और डाउनटाइम को न्यूनीकृत करना
✗ C. पुरानी मशीनों को नए उपकरणों से प्रतिस्थापित करना
✗ D. नए कार्यों के लिए उपकरणों के डिजाइन को संशोधित करना

Q.57 कैप स्क्रू (cap screw) को कसने से _____ उत्पन्न होती है।

Ans
✗ A. सर्पी गति (Sliding motion)
✓ B. क्लैंपिंग क्रिया (Clamping action)
✗ C. कर्तन क्रिया (Cutting action)
✗ D. घूर्णी गति (Rotational motion)

Q.58 जब धातु की छड़ पर बल अनुप्रयुक्त किया जाता है तो प्रत्यास्थता उसके व्यवहार को किस प्रकार प्रभावित करती है, की सर्वोत्तम व्याख्या निम्नलिखित में से कौन-सा कथन करता है?

Ans
✗ A. प्रत्यास्थता किसी भी बल के अधीन छड़ को विरूपित होने से रोकती है।
✗ B. बल अनुप्रयुक्त किए जाने के बाद प्रत्यास्थता, छड़ में स्थायी विरूपण उत्पन्न करती है।
✓ C. बल हटाने के बाद प्रत्यास्थता, छड़ को उसकी मूल आकृति में वापस आने देती है।
✗ D. बल अनुप्रयुक्त किए जाने पर प्रत्यास्थता, छड़ की कठोरता में वृद्धि करती है।

Q.59 निम्नलिखित में से किस स्थिति में मशीन के भाग पर लॉकिंग डिवाइस के रूप में कैसल नट (castle nut) का उपयोग आवश्यक है?

Ans
✗ A. जब नट का उपयोग केवल समायोजन के लिए किया जाता हो

✓ B.
जब नट को ढीला होने से रोकने के लिए विपाटित पिन की आवश्यकता हो

✗ C. जब नट को प्रायः हटाने की आवश्यकता हो

✗ D.
जब नट को होल्ड करने के लिए स्प्रिंग वॉशर पर्याप्त हो

Q.60 किसी पदार्थ की तन्यता, पदार्थ की निम्नलिखित में से किस क्षमता को संदर्भित करती है?

Ans
✗ A. अभारण के पश्चात अपनी मूल आकृति में वापस आना

✗ B.
ऊष्मा का दक्षतापूर्वक चालन करना

✓ C. विभंग से पहले सुघट्य विरूपण से गुजरना

✗ D.
पृष्ठ के दंतुरण का प्रतिरोध करना

Q.61 किसी निर्माता को पतली, जटिल आकृति की चादरें बनाने के लिए ऐसी धातु का चयन करने की आवश्यकता है, जो तरेड़न के बिना बंकन और घन ताड़न सहन करती हैं। सामग्री का चयन करते समय निर्माता को किस गुणधर्म को प्राथमिकता देनी चाहिए?

Ans
✓ A. आघातवर्धनीयता

✗ B. भंगुरता

✗ C. तन्यता

✗ D. कठोरता

Q.62 वर्कशॉप में एक मशीन अचानक प्रचालन बंद कर देती है और एक महत्वपूर्ण प्रचालन के दौरान धूम्र का उत्सर्जन करती है। शिफ्ट सुपरवाइजर के रूप में, निम्नलिखित में से कौन-सी तत्काल कार्रवाई प्रणाली विफलता अनुक्रिया के लिए उचित आपातकालीन प्रबंधन को सर्वोत्तम रूप से प्रदर्शित करती है?

Ans
✗ A. कार्य क्षेत्र को तत्काल खाली करें और धूम्र बिना चेक किए छोड़ दें

✗ B.
अनुरक्षण टीम को तत्काल सूचित करें और आगे की सहायता की प्रतीक्षा करें

✓ C.
मशीन को तत्काल बंद कर दें और आपातकालीन संवातन को सक्रिय करें

✗ D.
सामान्य प्रचालन बहाल करने के लिए मशीन की मरम्मत तत्काल प्रारंभ कर दें

Q.63 समान आमाप के बाल बेयरिंग की तुलना में, रोलर बेयरिंग _____।

Ans
✓ A. उच्च अरीय भार का वहन कर सकता है

✗ B.
निम्न अरीय भार का वहन कर सकता है

✗ C. किसी भी अरीय भार का वहन नहीं कर सकता है

✗ D.
समान अरीय भार का वहन कर सकता है

Q.64 निम्नलिखित में से कौन-सा, शक्ति संचरण प्रणालियों में ठोस पुली (solid pulley) के मुख्य कार्य का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans
✗ A. यह गियर प्रणालियों में गति की दिशा बदलता है

✗ B. इसका उपयोग मशीनों में विद्युत परिपथों को जोड़ने के लिए किया जाता है

✗ C. यह चालित शैफ्ट पर लगाए गए बल को बढ़ाता है

✓ D. यह बेल्ट का उपयोग करके शैफ्टों के बीच घूर्णी गति को संचरित करता है

Q.65 कार्यशाला में क्रास पट्टा चालन (cross belt drive) स्थापित करते समय, खुला पट्टा चालन (open belt drive) तंत्र की तुलना में कौन-सी प्रयोगात्मक हानि देखी जा सकती है?

Ans
- ✔ A. क्रास पट्टा चालन में बेल्ट के रगड़ने और ऐंठन के कारण अधिक निघर्षण होता है
- ✘ B. खुला पट्टा चालन तंत्र की तुलना में क्रास पट्टा चालन में प्रायः अनुरक्षण की आवश्यकता नहीं होती है
- ✘ C. क्रास पट्टा चालन कंपन को कम करता है और खुला पट्टा चालन की तुलना में अधिक शांति से प्रचालित होता है
- ✘ D. क्रास पट्टा चालन पुली संरेखण में सुधार करता है और शक्ति हानि को पर्याप्त रूप से कम करता है

Q.66 किसी मशीन के लिए एक वातिल परिपथ के समन्वायोजन के दौरान, FRL यूनिट को सभी नियंत्रण वाल्वों के अपस्ट्रीम में लगाया जाता है। वर्कशॉप की वायु आपूर्ति लाइन में FRL यूनिट को उक्त स्थान पर रखने का क्या उद्देश्य है?

Ans
- ✘ A. वर्कशॉप लाइन में केवल अंतिम वातिल टूल को स्नेहन प्रदान करने के लिए
- ✔ B. यह सुनिश्चित करने के लिए कि सभी डाउनस्ट्रीम घटकों को स्वच्छ, नियमित और स्नेहित वायु प्राप्त हो
- ✘ C. सिस्टम में सभी एक्चुएटरों को एक नियत तापमान पर संपीडित वायु की आपूर्ति करने के लिए
- ✘ D. अनुरक्षण प्रचालन के दौरान मेन लाइन से विशिष्ट एक्चुएटरों को विलगित करने के लिए

Q.67 माप लेते समय गभीरता प्रमापी का कौन-सा भाग निर्देश पृष्ठ (reference surface) पर टिका होता है?

Ans
- ✘ A. लॉक स्क्रू (Lock screw)
- ✘ B. स्पिंडल (Spindle)
- ✔ C. बेस (Base)
- ✘ D. वर्नियर स्केल (Vernier scale)

Q.68 इस्पात की सतत उच्च-चाल मशीनिंग के लिए उपयोग किए जाने पर, निम्नलिखित में से किस कर्तन टूल सामग्री की प्रभाविता सबसे तेजी से घटेगी?

Ans
- ✘ A. सिरेमिक टूल सामग्री
- ✘ B. ढलवाँ मिश्र-धातु इस्पात
- ✘ C. उच्च-चाल इस्पात (HSS)
- ✔ D. कार्बन टूल इस्पात

Q.69 बोल्ट ड्राइंग में, ड्रिल किए गए छिद्र के भीतर चूड़ी के छिपे हुए भाग को दर्शाने के लिए प्रायः किस प्रकार की रेखा का उपयोग किया जाता है?

Ans
- ✘ A. दृश्य आउटलाइनों के लिए ठोस मोटी रेखाओं
- ✘ B. केंद्र पथ को इंगित करने वाली श्रृंखला रेखाओं
- ✔ C. छिपे हुए विवरणों को निरूपित करने वाली डैश रेखाओं
- ✘ D. आंतरिक विवरणों को दर्शाने वाली तरंगित रेखाओं

Q.70 चूड़ी के शीर्ष (crest) और मूल (root) को जोड़ने वाली ढालू सतह को क्या कहा जाता है?

Ans
- ✘ A. शीर्ष (Crest)
- ✘ B. प्रमुख व्यास (Major diameter)
- ✘ C. मूल (Root)
- ✔ D. फ्लैंक (Flank)

Q.71 निम्नलिखित में से कौन-सा व्यक्तिगत सुरक्षा चिह्न का एक उदाहरण है जो सामान्यतः कार्यशाला परिवेश में उपयोग किया जाता है?

Ans
- ✘ A. आपातकालीन निकास का चिह्न
- ✘ B. अग्निशामक यंत्र के स्थान का चिह्न
- ✔ C. सुरक्षा चश्मे पहनने का प्रतीक
- ✘ D. प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स चिह्न

Q.72 किस प्रकार की ड्रिल का उपयोग मुख्य रूप से नया छिद्र बनाने के स्थान पर विद्यमान छिद्र को बड़ा करने के लिए किया जाता है?

Ans
- ✗ A. ट्विस्ट ड्रिल (Twist drill)
- ✗ B. सेंटर ड्रिल (Center drill)
- ✗ C. स्पेड ड्रिल (Spade drill)
- ✓ D. कोर ड्रिल (Core drill)

Q.73 ऐलुमिनियम ऑक्साइड अपघर्षक निम्नलिखित में से किससे उत्पन्न होता है?

Ans
- ✗ A. ताम्र अयस्क
- ✗ B. जस्ता अयस्क
- ✓ C. बॉक्साइट अयस्क
- ✗ D. लौह अयस्क

Q.74 D.C. वेल्डिंग जेनरेटर का कौन-सा लाभ, इलेक्ट्रोड और आधार धातु (base metal) के बीच ऊष्मा वितरण को नियंत्रित करता है?

Ans
- ✗ A. इलेक्ट्रोड विलेपन वरण
- ✗ B. वेल्डिंग केबल रोधन
- ✓ C. ध्रुवणता वरण क्षमता
- ✗ D. शीतलन पंखा प्रचालन

Q.75 एक संक्रमण फिट आरेख में, सह्यता जोन (tolerance zones) का अतिव्यापन क्षेत्र क्या दर्शाता है?

Ans
- ✓ A. वह परास जिसमें मुक्तांतर (clearance) या व्यतिकरण (interference) हो सकता है
- ✗ B. छिद्र और शैफ्ट के बीच अधिकतम संभव मुक्तांतर
- ✗ C. छिद्र और शैफ्ट के बीच न्यूनतम संभव मुक्तांतर
- ✗ D. मेटिंग घटकों (mating components) का यथार्थ मूल आमाप

"